This question paper contains 7 printed pages]

Your Roll No................

**2256**

**B.Ed.** **D**

Paper V (*b*)—SCHOOL EVALUATION

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks* : 75

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी** :—इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

Attempt any *Five* questions.

*All* questions carry equal marks.

किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. (*a*) Assessing academic aspects of learners using 'Essay Type'/'Long Answer' questions has become more popular at various levels in the Indian education system. However it is also the most criticised strategy of assessment. Describe why is it popular or felt advantageous strategy ? Indicate the criticism levelled against it. 8

भारतीय शिक्षा व्यवस्था में विद्यार्थियों के अकादमिक आकलन के लिए निबन्धात्मक और विस्तृत उत्तर वाले प्रश्नों के प्रयोग का चलन है। साथ ही साथ आकलन की इस युक्ति की पर्याप्त आलोचना भी की जाती है। वर्णन कीजिए कि इस प्रकार के प्रश्नों का प्रयोग क्यों लोकप्रिय है या इनके प्रयोग को क्यों लाभकारी माना जाता है ? यह भी बताइए कि इनकी आलोचना क्यों की जाती है ?

(*b*) Describe the measures to be taken for assessing with 'Essay Type'/'Long Answer' question strategy more effective. 7

उन उपायों की विवेचना कीजिए जिनके द्वारा निबन्धात्मक और विस्तृत उत्तर वाले प्रश्नों का आकलन के लिए अधिक प्रभावी तरीके से प्रयोग किया जा सके।

2. (*a*) What are the forms of reliabilities that may need to be established for an assessment tool. Describe the procedure for establishing any *one* of them with a hypothetical example. 9

विश्वसनीयता के कौनसे प्रकार/रूप हैं, जिनका उपयोग आकलन के उपकरण की विश्वसनीयता विकसित करने के लिए किया जा सकता है ? एक काल्पनिक उदाहरण लेते हुए किसी एक प्रकार की विश्वसनीयता कों स्थापित करने की प्रक्रिया का विवरण दीजिए।

(*b*) Why is it important for a teacher to know the concepts of reliability and validity ? What steps does a teacher need to take to ensure these while assessing own students ? 6

एक अध्यापक के लिए विश्वसनीयता और वैधता की अवधारणा को जानना क्यों आवश्यक है ? अपने विद्यार्थियों का आकलन करते हुए विश्वसनीयता और वैधता को सुनिश्चित करने के लिए एक अध्यापक को क्या-क्या कदम उठाने चाहिए ?

3. (*a*) Describe the pattern and components of Continuous and Comprehensive Evaluation (CCE) implemented in the secondary schools of Delhi region. 8

दिल्ली के माध्यमिक स्कूलों में क्रियान्वित सतत व व्यापक मूल्यांकन के प्रारूप और घटकों का विवरण दीजिए।

(*b*) Which components of CCE are generally expressed by the school teachers as 'not-easy to assess'/'not necessary to assess' ? What is your reaction to such expressions/assertions ? 7

अध्यापक सतत व व्यापक मूल्यांकन के किन घटकों को आकलन हेतु मुश्किल/आकलन के लिए गैर-जरूरी मानते हैं? अध्यापकों के इस प्रकार के विचारों के प्रति आपकी क्या प्रतिक्रिया है ?

4. (*a*) In what situations would a teacher need to employ oral examination than to employ written examination ? Illustrate with examples. Where/How do you fit this in the Blueprint ? 9

किन परिस्थितियों में एक अध्यापक को लिखित परीक्षा के बदले मौखिक परीक्षा का प्रयोग करना आवश्यक होता है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। आप ब्लूप्रिंट में इसे कहाँ और कैसे स्थान देंगे ?

(*b*) Describe the steps to be adopted to make oral examinations more valid and reliable assessments. 6

मौखिक परीक्षा को अधिक विश्वसनीय और वैध बनाने के चरणों की विवेचना कीजिए।

5. (*a*) Among formative and summative evaluations, according to you, which of these is more important ? Justify your stand with the characteristics of these *two*. 8

आपके अनुसार निर्माणात्मक और संकलनात्मक मूल्यांकन में से कौनसा ज्यादा महत्वपूर्ण है ? इन दोनों की विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए अपने पक्ष का औचित्य सिद्ध कीजिए।

(*b*) Board Examination at Class X level is made optional, with reporting students' achievement through school assessment. What are the perceived advantages and disadvantages, according to you, of such a practice, from assessment point of view ? 7

कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा को वैकल्पिक कर दिया गया है और विद्यार्थियों की उपलब्धि को स्कूल के आकलन द्वारा रिपोर्ट किया जाता है। आपके अनुसार आकलन की दृष्टि से इस प्रकार की रीति के क्या लाभ और हानि हैं ?

6\. (a) As part of CCE, school students are to be assessed on 'attitude' towards teachers, school and co-learners. Prepare a suitable tool consisting at least 10 items. Also indicate how would you establish reliability of its scores ? 8

सतत व व्यापक मूल्यांकन के अंग के रूप में शिक्षकों, स्कूल और सहपाठियों के प्रति विद्यार्थियों की अभिवृत्ति का भी आकलन किया जाता है। कम से कम 10 पदों प्रश्नों को रखते हुए इसके आकलन के लिए उपकरण बनाइए। यह भी बताइए कि आप इस उपकरण की विश्वसनीयता कैसे स्थापित करेंगे ?

(*b*) From sociological, psychological and philosophical foundations of education, describe the need for assessing Co-scholastic aspects of learners at school level. 7

शिक्षा के सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और दार्शनिक पक्षों को ध्यान में रखते हुए स्कूल स्तर पर विद्यार्थियों के सह-अकादमिक की आवश्यकताओं की विवेचना कीजिए।